दैनिक भास्कर



# एल नीनो पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित:विशेषज्ञों ने मानसून कमजोर और सूखे का खतरा बताया

अतुल कुमार सिंह | **लखनऊ 10 जुलाई 2026**




**लखनऊ के इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी** में 'एल नीनो एवं वैश्विक जलवायु' विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान आयोजित किया गया। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि एल नीनो का असर भारत सहित पूरी दुनिया के मौसम और अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इसके कारण मानसून कमजोर हो सकता है, जिससे वर्षा कम होने, सूखे और जल संकट जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने एल नीनो को एक प्राकृतिक जलवायु घटना बताया। उन्होंने समझाया कि इसमें प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से के समुद्र का तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है, जिसका असर वैश्विक वायुमंडलीय प्रणाली पर पड़ता है और कई देशों के मौसम में बड़े बदलाव आते हैं।



**दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर पड़ सकता है**

प्रो. सिंह ने बताया कि भारत में एल नीनो के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर पड़ सकता है। इससे कृषि उत्पादन में कमी, खाद्यान्न संकट, भूजल स्तर में गिरावट और पेयजल तथा सिंचाई के लिए पानी की समस्या उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसके अतिरिक्त, खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दुनिया के अन्य हिस्सों में एल नीनो के कारण बाढ़, भीषण गर्मी, जंगलों में आग और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव जैसी चरम मौसमी घटनाएं देखने को मिलती हैं। प्रो. सिंह ने जलवायु परिवर्तन, चरम मौसमीय घटनाओं और पर्यावरण संरक्षण पर वैज्ञानिक अनुसंधान तथा आधुनिक तकनीक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बदलती जलवायु के अनुरूप प्रभावी नीतियां बनाने, जन-जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

**जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती**

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईईआई उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र के अध्यक्ष इं. वी.पी सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/lucknow-experts-warn-weak-monsoon-drought-risk-el-nino-138410799.html?_branch_match_id=1607414145986031779&utm_campaign=138410799&utm_medium=sharing&_branch_referrer=H4sIAAAAAAAAA8soKSkottLXT0nMzMvM1kvKSCzOTizSS87P1Q9LLY3M9kjNcjNJsq8rSk1LLSrKzEuPTyrKLy9OLbJ1ywSK5VcAAKElXzBBAAAA